बी ई एम एल

NEW FRONTIERS. NEW DREAMS

मीडिया रिलीस

# बीईएमएल को कोल इंडिया से मिला प्रमुख आदेश

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के अधीन एक शेड्यूल 'ए' कंपनी है और खनन और निर्माण उपकरण के अग्रणी निर्माता है, ने कोल इंडिया लिमिटेड से 150-टी डंप ट्रक के 7 नग तथा 205ई-टी डंप ट्रक के 8 नग की आपूर्ति के लिए और परीक्षण सह बिक्री के तहत 8 वर्षों के कलपुर्जों के अनुबंध के साथ आदेश प्राप्त किया है । इन डंपरों को कोल इंडिया की सहायक कंपनियों, क्रमशः एसईसीएल के गेवरा परियोजना और मैसर्स् एनसीएल के अमलोहरी और निगाही परियोजनाओं में तैनात किया जाएगा। आदेश का कुल मूल्य रु. करोड़ है।

बीईएमएल द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित, इन डंप ट्रकों का निर्माण मैसूर कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। ये उत्पाद खनन उद्योग में उच्च क्षमता वाले उपकरणों की बढ़ती मांग को संबोधित करेंगे और इसके उत्पादन में काफी वृद्धि करेंगे।

इन ट्रकों में अधिकतम बिजली देने के लिए इलेक्ट्रॉनिक ईंधन प्रबंधन प्रणाली के साथ पर्यावरण के अनुकूल उत्सर्जन प्रमाणित इंजन लगाए गए हैं। इसका चौड़ा बॉडी डिजाइन उच्च मूल्य मीट्रिक क्षमता और कम बॉडी का वजन उच्च स्थिरता और उत्पादकता सुनिश्चित को करता है। एक नवोन्मेष एसी ड्राइव प्रणाली को न्यून अनुरक्षण के साथ असाधारण सड़क प्रदर्शन प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है।



**बीईएमएल लिमिटेड के बारे में :**

बीईएमएल लिमिटेड रक्षा मंत्रालय के तहत एक अग्रणी बहु-प्रौद्योगिकी शेड्यूल ए कंपनी है और यह रक्षा, रेल, बिजली, खनन और निर्माण जैसे भारत के प्रमुख क्षेत्रों की सेवा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बीईएमएल के तीन कार्यक्षेत्र हैं, यथा रक्षा और वांतरिक्ष, खनन और निर्माण और रेल और मेट्रो तथा बेंगलूर, कोलार गोल्ड फील्ड्स (केजीएफ), मैसूर, पालक्काड में स्थित कार्यालयों में अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधाएं हैं। बीईएमएल के पास बहुत मजबूत अनुसंधान एवं विकास की आंतरिक संरचना है। बीईएमएल में बिक्री और सेवाओं का देशव्यापी नेटवर्क भी है।

बीईएमएल द्वारा प्रेस रिलीज़
27 अप्रैल 2020